11 बजे व संध्या 5 से रात्रि 9 बजे तक रहेगा।

फनफेयर में लगाए गए तरह-तरह के व्यंजनों के स्टाल

दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 6 फरवरी को फन फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की डीसीडीसी डॉ. प्रीता लाल ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी एवं प्राध्यापक डॉ. किरण तिवारी, डॉ. पूजा मल्होत्रा व डॉ. रानी शुक्ला ने पुष्पगुच्छ से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन एंव गेम के स्टॉल लगाये। डॉ. प्रीता लाल ने सभी छात्र-छात्राओं द्वारा लगाये गये स्टॉल की सराहना की एवं उनकी मेहनत की प्रशंसा की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. किरण तिवारी ने शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुर्गा शुक्ला ने किया।